Regarding setting up of a Thermal Power Plant in Deoria Parliamentary Constituency-laid

डॉ. रमापति राम त्रिपाठी (देवरिया): मैं अपने लोक सभा क्षेत्र देवरिया के सम्बंध में अवगत कराना चाहता हूँ कि मेरा क्षेत्र उत्तर प्रदेश की अंतिम पूरब दिशा में अंतिम क्षेत्र है । बिहार के बार्डर से सटा हुआ क्षेत्र है । हमारे क्षेत्र में नदियों का पर्याप्त स्त्रोत है । कई नदियां हमारे क्षेत्र से होकर जाती हैं । साथ ही बिहार और झारखण्ड का बार्डर होने के कारण नजदीक में कोयले की आपूर्ति भी सुलभ है और पर्याप्त बन्जर भूमि भी है । इसको देखते हुए हमारे क्षेत्र देवरिया में एक थर्मल पावर प्लांट लगाकर विद्युत उत्पादन करना उपयोगी रहेगा ।

अतः मेरा माननीय विद्युत मंत्री जी से आग्रह है कि इसका सर्वेक्षण कराके तथा व्यवहार्यता का अध्ययन करके यहाँ एक थर्मल पावर प्लांट लगाने का निर्णय शीघ्र लिया जाना चाहिए ।